52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.6°c
अधिकतम 31.9 °c

**अमृतवाणी**

अगर आप सफल होना चाहते हैं, तो आपको सफलता के घिसे-पिटे रास्तों पर चलने की बजाए नए रास्ते बनाने चाहिएं।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जम्मू-कश्मीर में 'इंडिया' की सरकार, न्याय की, उम्मीदों की, बरकत की सरकार बनेगी : राहुल गांधी



सूर्योदय : 6:22 सूर्यास्त : 5:46 | वर्ष : 52/ अंक : 288 | बृहस्पतिवार, 17 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

बरकत जनता की होगी... या नेताओं की ?.....

# बेखौफ बदमाश, दिन दहाड़े महिला से चेन लूटी

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** नगर में अपराधी फिर बेखौफ नजर आ रहे हैं। बुधवार को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास के समीप बाइक सवार बदमाशों ने महिला से चेन लूट ली। उक्त लूट की वारदात पास ही लगे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात से पुलिस में हड़कम्प मच गया। लूट की जानकारी पुलिस को लगी तो आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला से बातचीत करने के बाद घटनास्थल के आसपास लग सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में ले लिया।

बताया जाता है कि मौहल्ला पटेलनगर निवासी दवा व्यापारी आंनद कुमार की बेटी की ससुराल में कोई पारिवारिक कार्यक्रम था। दोपहर में उनकी पत्नी नीलम बेटी के साथ स्कूटी पर सवार होकर उसकी ससुराल में जा रही थी। स्कूटी बेटी चला रही थी, जब मां-बेटी मौहल्ला गांधीनगर में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास के पास पहुंची, तो इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने नीलम के गले से सोने की चेन व लॉकेट झपट्टा मारकर लूट लिया। इसी बीच खींचतान के दौरान महिला की गर्दन पर चोट भी लग गयी। महिला के शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक लुटेरे मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए दोनों लुटेरों ने मुंह पर नकाब लगा रखा था। उधर घटना की जानकारी मिलते ही नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली, तो बदमाश उसमें कैद मिले। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की शिनाख्त कराई जा रही है। बताया जाता है कि तीन दिन पहले भी बाइक सवार बदमाश ट्यूशन पढ़ने जा रही एक छात्रा से चेन लूटकर ले गए थे। इस संबंध में पुलिस की तरफ से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी है।

### मंत्री कपिलदेव ने चेन लूट पर जताई नाराजगी



**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** गांधी नगर में अपने ही आवास के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा महिला से चेन लूटे जाने की घटना की सूचना मिलने के बाद कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी से वार्ता कर मामले का जल्द खुलासा करने और आगामी त्यौहारों को देखते हुए शहर में पुलिस की गश्त बढ़ाने के साथ संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखने को कहा है।

# मीरांपुर की जंग में किसे मिलेगा टिकट का संग

### रालोद, सपा और बसपा के उम्मीदवारों पर टिकी है नजर, रालोद प्रत्याशी के नाम का खुलासा 22 को होने की आशा

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** मीरांपुर उप चुनाव की सरगर्मियां तेज होने के साथ ही

**▶ बसपा के टिकट के लिए थैली लेकर लखनऊ पहुंचे कई दावेदार**

अब सबकी निगाह प्रमुख प्रत्याशियों पर टिकी है। ऐसे में सिटिंग विधायक वाले रालोद-भाजपा




गठबंधन के उम्मीदवार का नाम जहां 22 अक्टूबर को घोषित होने की उम्मीद है, वहीं उम्मीद है कि कश्मीर से लौटने के बाद सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार को लेकर फैसला होगा। इसके लिए सपा अध्यक्ष ने कल (आज) अपने तमाम नेताओं को लखनऊ बुलाया है। दावा है कि मीरांपुर सीट पर सपा का उम्मीदवार ही मैदान में उतरेगा।

मीरांपुर चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ

शेष - पृष्ठ-2 पर

# अपनी बहनों से ही मेहंदी लगवाएंगी भाभियां

### ▶ हिंदू संगठनों ने अपना त्यौहार-अपनों को रोजगार का दिया नारा

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** करवा चौथ पर अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच में करवा चौथ से पूर्व हिंदूवादी संगठनों ने एक खास पहल करते हुए अपना त्यौहार, अपनों को रोजगार नारे के साथ शहर में पम्पलेट के सहारे जागरुकता अभियान चलाया है। इसमें ऐसी व्यवस्था की गई है कि भाभियां बहनों से ही लगवाएं और पुरुष कलाकारों को इससे दूर रखा जा सके। इसके तहत घर-घर पम्पलेट बांटे जाने के साथ तमाम लोगों से आह्वान किया गया है कि अपनों से सामान खरीदने के साथ करवा चौथ समेत त्यौहारों पर मेहंदी हिन्दू बहनों से ही मेहंदी लगवाएं।

इसके लिए शहर में 13 स्थानों पर दो दिवसीय विशेष मेहंदी कैम्प का आयोजन करते हुए इनमें मेहंदी लगाने वाली बहनों से आधार कार्ड साथ लाने की अपील की गई है। आज हुई बैठक में विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत सह गौ रक्षा प्रमुख ललित माहेश्वरी ने बताया कि इन त्यौहारों पर मेहंदी लगाने के लिए समुदाय विशेष के युवकों के शामिल रहने से पूर्व में कई मामले सामने आए हैं। इसी मेहंदी जिहाद के सहारे लव

शेष - पृष्ठ-4 पर



### मुजफ्फरनगर बुलेटिन समेत 13 स्थानों पर बनाए मेहंदी केन्द्र

**मुजफ्फरनगर, 16 अक्टूबर (बु.)।** विहिप, बजरंग दल और राष्ट्र सेविका समिति की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आगामी 18 व 19 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे से नगर के 13 स्थानों पर मेंहदी केन्द्र लगाये जायेंगे जिसमें मुख्य रूप से बड़ी धर्मशाला नई मण्डी, श्री आदर्श रामलीला भवन पटेलनगर, श्री श्यामा श्याम मन्दिर गॉधीनगर, मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय, भारत माता नर्सिंग होम, पचैंडा रोड, लक्ष्मी नारायण मन्दिर गांधी कालोनी, शिव मूर्ति गोल मार्केट, प्राईमरी पाठशाला, चुंगी नं.-2, साकेत कॉलोनी निकट डॉ. पंकज जैन, आर्य समाज मन्दिर निकट डीएवी कॉलेज, मानसरोवर कॉलोनी, लक्ष्मी नारायण मन्दिर, गैलेक्सी होटल के पीछे, नुमाईश कैम्प वार्ड-24 आदि होंगे।







नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। **श्रद्धांजलि सभा** न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी परम पूज्य माताजी **श्रीमती सत्यवती** (पत्नी स्वर्गीय श्री महेन्द्र कुमार जी एडवोकेट) का स्वर्गवास सोमवार, दिनांक 07 अक्टूबर 2024 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।



**श्रीमती सत्यवती**

आज दिन-बृहस्पतिवार, दिनांक 17 अक्टूबर 2024

हवन ........................ प्रातः 11.00 बजे
स्थान : निज निवास

ब्रह्मभोज ..................................12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी ..............................दोपहर 2 से 3 बजे
स्थान : द्वारिका सिटी, ए ब्लॉक पार्क, मु0 नगर

-: शोकाकुल परिवार :-

दी सनातन धर्म कॉलेज एसोसिएशन,
क्रिस्टल बालाजी इंडस्ट्रीज प्रा०लि०
दिशा इंडस्ट्रीज प्रा०लि०
श्री जय बालाजी स्टील रोलिंग मिल प्रा०लि०
चैम्बर्स ऑफ अनुभव कुमार (डिफैन्स कॉलोनी, न्यू दिल्ली)
एरीस पेट्रो इंडिया ट्रेडर्स (हरिद्वार)

उमा-पत्नी स्व0 सतेन्द्र कुमार (देवरानी)
आरती-पत्नी स्व0 दीपक कुमार (पुत्रवधु)
नीना-पत्नी स्व0 पंकज कुमार (पुत्रवधु)
प्रीती-नीरज कुमार (पुत्रवधु-पुत्र)
सपना -आकाश कुमार (पौत्रवधु-पौत्र)
अंकिता- अनुभव कुमार , अद्विका- ध्रुव कुमार (पौत्रवधु-पौत्र)
अनुष्का (पड़पौत्री), हदान कुमार (पड़पौत्र), प्रणाया (पड़पौत्री)

नीना -अरूण गुप्ता (पुत्री-दामाद)
पूजा-लव कुमार (भतीजवधु-भतीजा), भावना गुप्ता (पौत्री)
आंचल-अंकित मांगलिक (पौत्री एवं दामाद)
पूजा -गौरव जैन (पौत्री एवं दामाद)
रूचिका-नितिन जैन (धैयोती एवं दामाद)
राधिका-मनु राजवंशी (पौत्री एवं दामाद)
शिखा- शांतनु जैन (पौत्री एवं दामाद)
पल्लवी-वरूण गुप्ता (धयोतवधु एवं धयौता)
आकांशा -कार्तिक स्वरूप (पड़पौत्री एवं दामाद)

नोटः कृप्या पगड़ी लाने का कष्ट न करें।
Mob. 9219611001, 9837052898, 9810498020

